# पुलिस कॉन्स्टेबल परीक्षा

## संभावित पेपर-10

**1. आर्य संस्कृति के सर्वोच्च काल में, गंगा घाटी के जनपद, जो संख्या में ----- थे, महाजनपद बन गए थे?**

(अ) 16 (ब) 14 (स) 15 (द) 18

**उत्तर-(अ)**

**व्याख्या-** छठी शताब्दी ई.पू. में 16 महाजनपदों का उदय हुआ ये 16 महाजनपद पूर्व में आर्य संस्कृति के सर्वोच्च काल में, गंगा घाटी के 16 जनपद थे

**2. मगर तथा घड़ियालों का संरक्षण कहां जा रहा है?**

(अ) नर्मदा व ताप्ती नदी (ब) महानदी व ताप्ती नदी

(स) वेनगंगा व पेंच नदी (द) चंबल व सोन नदी

**उत्तर- (द)**

**व्याख्या-** मध्यप्रदेश में मगर व घड़ियालों का संरक्षण चंबल,सोन वह केन अभ्यारण्य में होता है मुख्यतया चंबल व छतरपुर – पन्ना में घड़ियालों एवं मगर का संरक्षण किया जाता है

**3. ----- बैरम खां का बेटा था, जिसने अकबर के दरबार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई?**

(अ) अबुल रहीम खान-ए-खाना (ब) अमीर खुसरो

(स) अबुल फजल (द) बीरबल

**उत्तर- (अ)**

**व्याख्या-** बैरम खान का पुत्र अब्दुल रहीम खान-ए-खाना था, जो अकबर के दरबार में नवरत्नों में से एक था गुजरात के युद्ध में शौर्य प्रदर्शन के कारण अकबर ने इन्हें खानखाना की उपाधि दी थी

**4. मध्यप्रदेश के प्रथम जीवाश्म राष्ट्रीय उद्यान का क्षेत्रफल कितना है?**

(अ) 2 किमी. (ब) 0.27 किमी.

(स) 27 किमी. (द) 28 किमी.

**उत्तर- (ब)**

**व्याख्या-** मध्यप्रदेश के प्रथम जीवाश्म राष्ट्रीय उद्यान डिण्डोरी जिले में स्थापित है इसका क्षेत्रफल 0.27 वर्ग किमी. है

**5. इनमें से किसने गांधी को ब्रिटिश भारत की यात्रा करने और वहां की भूमि और लोगों के बारे में जानने की सलाह दी थी?**

(अ) बिपिन चंद्र पाल (ब) वोमेश चंद्र बनर्जी

(स) बाल गंगाधर तिलक (द) गोपाल कृष्ण गोखले

**उत्तर- (द)**

**व्याख्या-** गोपाल कृष्ण गोखले ने गांधीजी को ब्रिटिश भारत की यात्रा करने और वहां की भूमि और लोगों के बारे में जानने की सलाह दी थी

**6. निम्न में से किस नदी को मध्यप्रदेश की गंगा कहा जाता है?**

(अ) नर्मदा (ब) बेतवा (स) क्षिप्रा (द) चंबल

**उत्तर- (ब)**

**व्याख्या-** मध्यप्रदेश की प्रदूषण के आधार पर गंगा बेतवा नदी को कहा जाता है

**7. भारत के पहले उपराष्ट्रपति कौन थे, जिन्हें राष्ट्रपति के चुनाव में द्वितीय वरीयता मतगणना द्वारा राष्ट्रपति चुना गया था?**

(अ) केआर नारायणन (ब) वीवी गिरी

(स) शंकर दयाल शर्मा (द) रामास्वामी वेंकटरमण

**उत्तर- (ब)**

**व्याख्या-** वीवी गिरी भारत के ऐसे पहले उपराष्ट्रपति थे, जिन्हें भारत के राष्ट्रपति के चुनाव में द्वितीय वरीयता मतगणना द्वारा भारत का राष्ट्रपति चुना गया था

**8. मध्यप्रदेश की प्रसिद्ध बाघ गुफाएं अपनी विशिष्ट शैली के कारण जानी जाती है?**

(अ) चट्टानों को काटकर बनाए गए मंदिर

YouTube Tez Education सब्सक्राइब करें

(ब) बौद्ध संतों की शरण स्थली

(स) भित्ति चित्र (द) इनमें से कोई नहीं

**उत्तर- (स)**

**व्याख्या-** मध्यप्रदेश के धार जिले में बागनी नदी के किनारे स्थित बाघ की गुफाएं अपनी विशिष्ट भित्ति चित्र शैली के कारण जानी जाती है

**9. भगोड़ा आर्थिक अपराधी विधेयक 2017 किस मंत्रालय द्वारा पेश किया गया?**

(अ) श्रम मंत्रालय (ब) वाणिज्य मंत्रालय

(स) कानून मंत्रालय (द) वित्त मंत्रालय

**उत्तर- (द)**

**व्याख्या-** भगोड़ा आर्थिक अपराधी विधेयक 2017 भारत में केंद्र सरकार के वित्त मंत्रालय द्वारा पेश किया गया था

**10. महारानी लक्ष्मीबाई की समाधि कहां स्थित है?**

(अ) मण्डला (ब) माण्डू

(स) जबलपुर (द) ग्वालियर

**उत्तर- (द)**

**व्याख्या-** 1857 की क्रांति की महान सेनानी वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई झांसी राज्य की शासिका थी उनकी समाधि ग्वालियर में स्थित है

**11. जब तीन चौथाई चांद दिखाई देता है तो उसे क्या कहा जाता है?**

(अ) आधा चंद्रमा (ब) उन्नतोदर चंद्र

(स) अर्ध चंद्र (द) पूर्ण चंद्र

**उत्तर- (ब)**

**व्याख्या-** चंद्रमा का जब तीन चौथाई भाग दिखाई पड़ता है तो उसे उन्नोदर चंद्र कहते हैं

**12. मध्यप्रदेश में जड़ी-बूटी बैंक कहां स्थापित किया गया?**

(अ) पाताल कोट (ब) सुनहरी पहाड़ियां

(स) पनार पानी (द) मनोहरगंज

**उत्तर- (स)**

**व्याख्या-** मध्यप्रदेश के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल पचमढ़ी के निकट पनार पानी क्षेत्र में जड़ी बूटी का एक बैंक स्थापित किया जा रहा है

**13. निम्नलिखित में से कौन सा भारत का सबसे बड़ा रेगिस्तान है?**

(अ) थार रेगिस्तान (ब) कारा कुम रेगिस्तान

(स) गोबी रेगिस्तान (द) कच्छ रेगिस्तान

**उत्तर- (अ)**

**व्याख्या-** भारत के राजस्थान राज्य में रेगिस्तान का एक बड़ा हिस्सा स्थित है थाश्र मरुस्थल भारत का सबसे बड़ा मरुस्थल है जो भारत के उत्तर पश्चिम में तथा पाकिस्तान के दक्षिण पूर्व में स्थित है इसका अधिकांश भाग राजस्थान में स्थित है

**14. मध्यप्रदेश परिवहन विभाग वाहन प्रशिक्षण स्कूल कहां खुलने वाला है?**

(अ) भोपाल (ब) इंदौर (स) सागर (द) ग्वालियर

**उत्तर –(ब)**

**व्याख्या-** वाहन चालकों के प्रशिक्षण के लिए मध्यप्रदेश परिवहन विभाग और तकनीकी शिक्षा विभाग इंदौर में राज्य स्तरीय प्रशिक्षण स्कूल खोलने जा रहा है

**15. निम्नलिखित में से कौन सी सबसे पुरानी शास्त्रीय नृत्य शैली है?**

(अ) बर्दो छम (ब) भारतनाट्यम

(स) घुमुरा नृत्य (द) बिहू

**उत्तर- (ब)**

**व्याख्या-** भारतनाट्यम तमिलनाडु में देवदासियों द्वारा विकसित व प्रसारित किया गया था भारतनाट्यम को सबसे प्राचीन नृत्य माना जाता है

YouTube Tez Education सब्सक्राइब करें

**16. भारत 29 अगस्त को ----- के सम्मान में राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाता है?**

(अ) जे श्रीनाथ (ब) मिल्खा सिंह

(स) मेजर ध्यानचंद (द) पी. टी. उषा

**उत्तर- (स)**

**व्याख्या-** मेजर ध्यानचंद का जन्म 29 अगस्त 1905 को इलाहाबाद में हुआ था वह भारतीय हॉकी टीम के महान खिलाड़ी थे इन्हें हॉकी के जादूगर के नाम से जाना जाता है

**17. राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार के सर्वप्रथम प्राप्तकर्ता कौन थे?**

(अ) विराट कोहली (ब) विश्वनाथन आनंद

(स) महेश भूपति (द) सचिन तेंदुलकर

**उत्तर- (ब)**

**व्याख्या-** राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार के तहत 1 पदक, प्रशस्ति पत्र और 7.5 लाख रुपए पुरस्कृत व्यक्ति को दिया जाता है प्रथम राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार प्रसिद्ध शतरंज खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद को दिया गया

**18. साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए निम्नलिखित में से कौन सा पुरस्कार प्रदान किया जाता है?**

(अ) ग्रैमी पुरस्कार (ब) पलित्जर पुरस्कार

(स) अर्जुन पुरस्कार (द) नवलेखन पुरस्कार

**उत्तर-(द)**

**व्याख्या-** साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए नवलेखन पुरस्कार दिया जाता है

**19. भारत की पहली स्वदेशी परमाणु बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बी निम्नलिखित में से कौन सी है?**

(अ) INS सिंधुघोष (ब) INS अरिहंत

(स) INS कलवारी (द) INS शाल्की

**उत्तर- (ब)**

**व्याख्या-** भारत की पहली स्वदेशी परमाणु बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बी INS अरिहंत है इस 6000 टश के पोत का निर्माण उन्नत प्रौद्योगिकी पोत परियोजना के अंतर्गत पोत निर्माण केंद्र विशाखापत्तनम में 2.9 अरब अमेरिका डॉलर की लागत से किया गया

**20. येलोस्टोन नेशनल पार्क कहां स्थित है?**

(अ) यूएसए (ब) कनाडा (स) स्पेन (द) फ्रांस

**उत्तर- (अ)**

**व्याख्या-** येलोस्टोन नेशनल पार्क संयुक्त राज्य अमेरिका में स्थित है यह पार्क केवल अमेरिका में नहीं बल्कि दुनिया का पहला नेशनल पार्क है

**21. वनस्पति ऊतक का---- परिपक्वता पर जीवित प्रोटोप्लाज्मा धारण नहीं करता?**

(अ) श्वासनलिका (ब) पृष्ठभागीय ऊतक

(स) दृढ़ ऊतक (द) स्थूल

**उत्तर- (स)**

**व्याख्या-** वनस्पति ऊतक का दृढ़ ऊतक परिपक्वता पर जीवित प्रोटेप्लाजमा धारण नहीं करता

**22. निम्नलिखित में से किसे टाइरंट लिजार्ड किंग कहा जाता है?**

(अ) प्रोटोसेराटॉप्स (ब) टायरेनोसॉरस रेक्स

(स) डिपलोडॉकस (द) कॉम्पसोग्नैथस

**उत्तर- (ब)**

**व्याख्या-** टायरेनोसॉरस लुप्त डायनासोर की एक प्रजाति है इसे टाइरंट लिजार्ड किंग भी कहा जाता है क्योंकि यह जमीन पर रहने वाले सबसे विशालकाय जानवर था

**23. इनमें से किस संघ के सदस्य मुक्त जीवन जीने वाले विशिष्ट समुद्री जीव होते हैं?**

(अ) इकानोडर्मेटा (ब) आर्थ्रोपोडा (स) निमैटोडा (द) मोलस्का

**उत्तर- (अ)**

**व्याख्या-** संघ इकानोडर्मेटा के जंतु मुक्त जीवी समुद्री जंतु होते हैं तथा इनकी त्वचा पर कटिकाएं पाई जाती हैं त्वचा पर कटिकाएं पाए जाने के कारण ही इस संघ का नाम इकानोडर्मेटा है

**24. लाइकेन प्लांट----- डिवीजन से संबंधित है?**

(अ) ब्रायोफाइटा (ब) थैलोफाइटा

(स) टेरिडोफाइटा (द) अनावृतबीजी

**उत्तर- (ब)**

**व्याख्या-** लाइकेन प्लांट थैलोफाइटा से संबंधित है लाइकेन निम्न श्रेणी की ऐसी छोटी वनस्पतियों का एक समूह है जो विभिन्न प्रकार के आधारों पर उगे हुए पाए जाते हैं इन्हें वायु प्रदूषण का सूचक भी कहा जाता है

**25. निम्नलिखित में से छोड़े गए श्वास में--- शामिल होता है?**

(अ) नाइट्रोजन (ब) हीलियम (स) जलवाष्प (द) नाइट्रोजन

**उत्तर- (द)**

**व्याख्या-** नाइट्रोजन गैस छोड़े गए श्वास में शामिल होता है फेफड़ों का मुख्य काम शरीर के अंदर वायु खींचकर ऑक्सीजन उपलब्ध कराना तथा इन कोशिकाओं की गतिविधियों से उत्पन्न होने वाली कार्बन डाइऑक्साइड नामक वर्ज्य गैस को बाहर फेंकना है

**26. नेफ्रॉन संबद्ध है----**

(अ) श्वसन तंत्र से (ब) स्नायु तंत्र से

(स) संचारी तंत्र से (द) उत्सर्जन तंत्र से

**उत्तर-(द)**

**व्याख्या-** नेफ्रॉन का संबंध उत्सर्जन तंत्र से होता है प्रत्येक नेफ्रॉन एक मैल्पीघीकाय से बना होता है जो कि एक बोमन संपुट तथा रुधिर कोशिकाओं के जाल से मिलकर बना होता है

**27. निम्नलिखित में से कौनसा लाभकारी कीट नहीं है?**

(अ) दीमक (ब) लाख कीट (स) रेशम कीट (द) मधुमक्खी

**उत्तर-(अ)**

**व्याख्या-** कीटों की वह प्रजातियां जो परागण कीट नियंत्रण और फसल उत्पादन में मदद करती है लाभकारी कीट कहलाते हैं ये कीट है- लाख कीट, मधुमक्खी, रेशम कीट इत्यादि जबकि दीमक लाभकारी कीट नहीं है

**28. एंटीबायोटिक----- कवक से प्राप्त किया जाता है?**

(अ) नियोमाईसिन (ब) स्ट्रेप्टोमाइसिन

(स) पेनिसिलिन (द) इरीथ्रोमाइसीन

**उत्तर-(स)**

**व्याख्या-** प्रतिजैविक एक प्रकार का रासायनिक पदार्थ है जिनका निर्माण कुछ सूक्ष्मजीवियों द्वारा होता है यह अन्य सूक्ष्मजीवियों को वृद्धि के मंद अथवा उन्हें मार सकते हैं एंटीबायोटिक पेनिसिलिन कवक पेनिसिलियम नोटैटम से प्राप्त किया जाता है

**29. एक सांद्र अम्ल को तनु करने के लिए हमें क्या करना चाहिए?**

(अ) तनु अम्ल में पानी

(ब) सांद्र अम्ल में पानी

(स) सबसे पहले अम्ल में पानी और फिर पानी में अम्ल

(द) पानी में सान्द्र अम्ल

**उत्तर-(द)**

**व्याख्या-** एक सांद्र अम्ल को तनु करने के लिए हमें पानी में सान्द्र अम्ल धीरे धीरे डालना चाहिए किसी भी सान्द्र अम्ल को तनु करने के लिए जल में सान्द्र अम्ल कुछ बूंदे डालते हैं यह एक ऊष्माक्षेपी अभिक्रिया होती है

**30. एक अम्ल और क्षार के बीच अभिक्रिया के परिणाम स्वरूप क्या उत्पन्न होता है?**

(अ) लवण और ऑक्सीजन (ब) अम्ल

(स) क्षार (द) लवण और जल

**उत्तर-(द)**

YouTube Tez Education सब्सक्राइब करें

**व्याख्या-** अम्ल एवं क्षार के बीच की अभिक्रिया के परिणाम स्वरुप लवण तथा जल उत्पन्न होता है तथा इस अभिक्रिया को उदासीनीकरण अभिक्रिया कहते हैं

**31. ईका एल्युमीनियम को आधुनिक आवर्त सारणी में--- धातु के रूप में नामित किया गया था?**

(अ) स्कैंडियम (ब) गैलियम (स) जर्मेनियम (द) एल्युमिनियम

**उत्तर-(ब)**

**व्याख्या-** ईका एल्युमीनियम को आवर्त सारणी में गैलियम धातु के रूप में नामित किया गया है उसका रासायनिक चिन्ह Ga परमाणु संख्या 31 तथा परमाणु भार 69.8 है

**32. एक तत्व की आयनन ऊर्जा---- पर निर्भर करती है?**

(अ) केंद्रकीय प्रभार (ब) अनुवीक्षण

(स) परमाणु क्रमांक (द) स्थिर विन्यास

**उत्तर-(अ)**

**व्याख्या-** किसी विलगित गैसीय अवस्था वाले परमाणु के सबसे शिथिल बद्ध इलेक्ट्रॉन को परमाणु से अलग करने के लिए आवश्यक ऊर्जा आयनन ऊर्जा या आयनन विभव या आयनन एंथैल्पी कहलाती है अर्थात् इलेक्ट्रॉन को निकालने के लिए आवश्यक ऊर्जा आयनन ऊर्जा कहलाती है किसी तत्व की आयनन ऊर्जा केन्द्रकीय प्रभार पर निर्भर करती है

**33. थ्रस्ट प्रति इकाई क्षेत्रफल को क्या कहा जाता है?**

(अ) वस्तुमान (ब) बल (स) दाब (द) क्षेत्रफल

**उत्तर-(स)**

**व्याख्या-** थ्रस्ट प्रति इकाई क्षेत्रफल को दाब कहा जाता है अर्थात किसी सतह के एकांक क्षेत्रफल पर लगने वाले बल को दाब कहते हैं

**34. निम्नलिखित में से कौन सा उपकरण रासायनिक ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में परिवर्तित करता है?**

(अ) विद्युत हीटर (ब) विद्युत पंखा

(स) हेयर ड्रायर (द) विद्युत सेल

**उत्तर-(द)**

**व्याख्या-** विद्युत सेल एक ऐसी युक्ति होती है जो कि रासायनिक ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में परिवर्तित करता है विद्युत सेल दो प्रकार के होते हैं प्राइमरी सेल, सेकेंडरी सेल

**35. प्रतिरोधकता के व्युत्क्रम को कहते हैं?**

(अ) विद्युत चुंबकत्व (ब) चालकता

(स) काउंटर क्रियाशीलता (द) चयनात्मकता

**उत्तर-(ब)**

**व्याख्या-** किसी चालक के विशिष्ट प्रतिरोधकता के व्युत्क्रम को चालक की विशिष्ट चालकता या विद्युत चालकता कहते हैं




सभी किताबों का निचोड़
MPSI
Tez Education
आएेगा तो यहीं से
ब्रह्मास्त्र PDF पढ़ लो


सभी किताबों का निचोड़
म.प्र. पुलिस
Tez Education
आएेगा तो यहीं से
ब्रह्मास्त्र PDF पढ़ लो


सभी किताबों का निचोड़
पटवारी
Tez Education
आएेगा तो यहीं से
ब्रह्मास्त्र PDF पढ़ लो

सब्सक्राइब करें